प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पत्ता गोभी की थोक कीमत इस मौसम में रू० ६०० प्रति कुन्तल तक रहने की सम्भावना

पंतनगर। २८ जनवरी २०१७। आने वाले पत्ता गोभी के मौसम में जनवरी से मार्च २०१७ के बीच पत्ता गोभी की कीमत ५०० से ६०० रूपये प्रति कुन्तल के बीच रहने की संभावना है। यह पूर्वानुमान पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्र विभाग के वैज्ञानिकों ने विश्वविद्यालय में चल रही 'नेटवर्क प्रोजेक्ट आन मार्केट इंटेलीजेंस' परियोजना के अन्तर्गत लगाया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य चुनी हुई कृषि जिन्सों के लिए बुवाई से पूर्व एवं फसल कटाई के दौरान कीमतों का पूर्वानुमान लगाना है। पंतनगर की परियोजना टीम ने परियोजनाधिकारी, डा. अनिल कुमार, के निर्देशन में हल्द्वानी नियमित कृषि उत्पादन मण्डी समिति, जो कि उत्तराखण्ड की एक प्रमुख मण्डी है, का बाजार सर्वेक्षण एवं पिछले ११ वर्षों की थोक कीमतों का विश्लेषण करने के पश्चात कीमतों का पूर्वानुमान लगाया है। विश्लेषण द्वारा यह ज्ञात हुआ है कि पत्ता गोभी की थोक कीमतें जनवरी से मार्च २०१७ में रु. ५०० से रु. ६०० प्रति कुन्तल के मध्य रहने की संभावना है। यह पूर्वानुमान पिछले वर्षों के आंकड़ों तथा मॉडल पर आधरित है अतः पूर्वनुमानित कीमतें बाजार की कीमतों से कम या ज्यादा भी हो सकती हैं। वैज्ञानिकों ने सलाह दी है कि जो किसान इस मौसम में पत्ता गोभी की फसल उत्पादित कर रहे हैं वे पत्ता गोभी के अन्तर्गत बुवाई के लिए क्षेत्रफल का चुनाव इस पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुये करें।

उत्तराखण्ड में पत्ता गोभी की उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में बुवाई मार्च से शुरु होती है तथा मई में तुड़ाई प्रारम्भ होती है। नई फसल की आवक मई से प्रारम्भ होकर जुलाई के अंत तक चलती है। मैदानी एवं भाभर क्षेत्र में बुवाई अक्टूबर में तथा इसकी तुड़ाई जनवरी से प्रारम्भ होती है।